पश्चिमी क्षेत्र–II मुख्यालय

एनटीपीसी NTPC
एक महारत्न कंपनी

एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
पश्चिमी क्षेत्र-II मुख्यालय
चौथा तल, मैग्नेटो ऑफिज़ो, लाभंदी, जीई रोड,
एन.एच.–6, रायपुर (सी.जी.)–492001

40 वर्ष - सतत विकास के

विज्ञा.सं.: प.क्षे.-II/रायपुरः 01/2015

डिप्लोमा इंजीनियर आमंत्रित हैं

एनटीपीसी लिमिटेड 45,548 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी विद्युत कंपनी है, जिसमें 41 एनटीपीसी स्टेशन (18 कोयला आधारित स्टेशन, 7 संयुक्त चक्र गैस/तरल ईंधन आधारित स्टेशन, 1 हाईड्रो आधारित स्टेशन, 7 संयुक्त उद्यम स्टेशन और 8 नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं) शामिल हैं। विश्वस्तरीय विद्युत कंपनी बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने 2032 तक 128000 मेगावाट की क्षमता वाली कंपनी बनने की योजना बनाई है।

एनटीपीसी लि. के पश्चिमी क्षेत्र-II के अधीन कोरबा सुपर ताप विद्युत केंद्र (छत्तीसगढ़), लारा सुपर ताप विद्युत परियोजना (छत्तीसगढ़) और खरगोन सुपर ताप विद्युत परियोजना (मध्य प्रदेश) के लिए इस संगठन में शामिल होने हेतु उत्कृष्ट शैक्षिक रिकॉर्ड रखने वाले उत्साही युवा डिप्लोमा इंजीनियरों से निम्नानुसार आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

डिप्लोमा ट्रेनीज़

*मैकेनिकल (13) *इलेक्ट्रिकल (9) *सीएंडआई (5) *सिविल (10)

प्रशिक्षण, वेतन एवं प्लेसमेंटः

चयनित उम्मीदवार एनटीपीसी के विभिन्न स्थानों पर 1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और उन्हें प्रतिमाह रू 15,500/– समेकित वृत्तिका का भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर इन उम्मीदवारों का वेतनमान रू 15500–3%–34500/– (डब्ल्यू ग्रेड) में विलय कर लिया जाएगा। तैनाती का अंतिम स्थान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत आबंटित किया जाएगा।

आयु सीमाः

ऊपरी आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक 25 वर्ष है।
भूमि विस्थापितों के लिए ऊपरी आयु सीमा आवेदन की अंतिम तिथि तक 35 वर्ष है।

योग्यताः

विषय क्षेत्र	योग्यता*
इलेक्ट्रिकल	न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा।
मैकेनिकल	न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा।
सिविल	न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा।
सीएंडआई	न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों के साथ इंस्ट्रुमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा।

एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी (जहां रिक्तियों की पहचान की गई है) के लिए छूटः उत्तीर्ण अंक।
भूमि विस्थापितों के लिए छूटः 50 प्रतिशत अंक।

***टिप्पणीः केवल वही उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं जिनके पास आवेदन की अंतिम तिथि को अथवा इससे पहले अपेक्षित योग्यता है। उच्च योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

चयन प्रक्रियाः

पात्र उम्मीदवारों को दो घण्टे की वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा/टैस्ट में उपस्थित होना पड़ेगा। मैरिट और आवश्यकता के आधार पर कौशल परीक्षा में उपस्थित होने वाले सफल उम्मीदवारों की सूची **www.ntpccareers.net** पर उपलब्ध करवाई जाएगी और ऐसे उम्मीदवारों को सूचना भेजी जाएगी। ऐसे सभी लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा में उपस्थित होना होगा।

परीक्षा केंद्रः

उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय परीक्षा केंद्र के तौर पर एक शहर का चयन करना होगा और बाद में किसी भी स्थिति में किसी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा। यद्यपि, एनटीपीसी के पास किसी भी केंद्र को रद्द अथवा जोड़ने का अधिकार सुरक्षित है जो उस क्षेत्र/केंद्र के लिए उम्मीदवारों के प्रत्युत्तर पर निर्भर करेगा।

लिखित परीक्षा के बारे मेंः

अखिल भारतीय परीक्षा **13.03.2016 (रविवार)** को आयोजित किए जाने का कार्यक्रम है। परीक्षा हिंदी अथवा अंग्रेजी में ली जा सकती है। उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय हिंदी अथवा अंग्रेजी में परीक्षा के लिए अपना विकल्प देना होगा, जिसमें बाद में परिवर्तन नहीं किया जा सकता है। परीक्षा दो भागों में होगी। भाग–I में ज्ञान परीक्षा होगी और इसमें संबंधित विषयक्षेत्र पर 70 बहु–विकल्प प्रश्न शामिल होंगे। भाग–II अभिरूचि परीक्षा होगी और इसमें अंग्रेजी, मात्रात्मक अभिरूचि और रिज़निंग पर 50 बहु–विकल्प प्रश्न शामिल किए जाएंगे। प्रत्येक गलत/बहु उत्तर प्रदत्त प्रश्न के लिए 1/4 अंक काटे जाएंगे। प्रत्येक भाग में अलग–अलग क्वालिफाइंग अंक हैं।

प्रस्तावित रिक्तियांः

प्रत्येक विषयक्षेत्र में श्रेणी वार और परियोजना वार रिक्तियां नीचे दी गई हैं:

परियोजना/राज्य का नाम	विषयक्षेत्र	रिक्तियां					निःशक्तता की प्रकृति
		कुल	अना	ओबीसी–एनसी	एससी	एसटी	
कोरबा/ छत्तीसगढ़	मैकेनिकल	8	5	-	1	2	ओए, ओएल, एचएच
	इलेक्ट्रिकल	6	3	1	-	2	ओए, ओएल, एचएच
	सीएंडआई	3	2	-	-	1	ओए, ओएल, एचएच
	सिविल	2	1	-	-	1	ओए, ओएल, बीएल, एचएच
लारा/ छत्तीसगढ़	मैकेनिकल	5	3	-	-	2	ओए, ओएल, एचएच
	इलेक्ट्रिकल	3	2	-	-	1	ओए, ओएल, एचएच
	सीएंडआई	2	2	-	-	-	ओए, ओएल, एचएच
	सिविल	3	2	-	-	1	ओए, ओएल, एचएच
खरगोन/ मध्य प्रदेश	सिविल	5	2	1	1	1	ओए, ओएल, बीएल, एचएच

ओएल–एक टांग, ओए–एक बाजू, बीएल–दोनों टांगें, एचएच–श्रव्य विकलांग

सभी श्रेणियों और विषयक्षेत्रों में से 01 रिक्तियां निःशक्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षित हैं।

ऊपर इंगित प्रस्तावित रिक्तियों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेक पर बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं।

आरक्षण एवं छूटः

01. एससी/एसटी/ओबीसी (ग़ैर संपन्न वर्ग)/एक्सएसएम/पीडब्ल्यूडी (निःशक्तता की डिग्री 40 प्रतिशत अथवा ऊपर) उम्मीदवारों को आरक्षण और रियायतें सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रदान की जाएंगी। रिक्तियों में एससी/एसटी/ओबीसी (ग़ैर संपन्न वर्ग)/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए छूट को बढ़ाया जाएगा।
02. ऑनलाइन आवेदन–पत्र में एक बार श्रेणी भरने के बाद इसमें परिवर्तन नहीं किया जाएगा और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ देय नहीं होगा।
03. एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/एक्सएसएम उम्मीदवारों से कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।
04. ऊपरी आयु सीमा एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, ओबीसी (ग़ैर संपन्न वर्ग) उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष है। यह पीडब्ल्यूडी–सामान्य के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूडी–ओबीसी के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूडी–एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष है।
05. जो ओबीसी उम्मीदवार "संपन्न वर्ग" से संबंधित हैं ओबीसी की छूट के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को सामान्य के तौर पर दर्शाना होगा। ओबीसी (ग़ैर संपन्न वर्ग) उम्मीदवारों के लिए चालू वर्ष में सक्षम प्राधिकारी से जारी भारत सरकार के निर्धारित प्रपत्र में अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है। इसके अलावा ऐसे उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के समय, यदि बुलाया जाता है, तो उन्हें स्व–घोषणा प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें यह उल्लेख करना होगा कि वे ओबीसी (गैर संपन्न वर्ग) श्रेणी से संबंधित हैं।
06. ऊपरी आयु सीमा उन उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष की छूट है जो कि 01.01.80 से 31.12.89 तक जम्मू एवं कश्मीर राज्य में साधारणतः अधिवासी रहे हैं। आयु सीमा में भूपूसै के लिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार छूट लागू होगी।
07. स्थानीय निवासियों/भूमि विस्थापितों (एलओ) को रोज़गार के संबंध में प्रावधान सरकारी निर्देशानुसार/एनटीपीसी आरएंडआर पॉलिसी/स्थानीय समझौतों/राज्य सरकारों आदि के साथ किए गए यथा लागू समझौतों के अनुरूप होंगे।

केवल भूमि विस्थापितों को, जिन्होंने रोज़गार के उद्देश्य के लिए एनटीपीसी से पूर्व में लाभ नहीं लिया है, वरीयता दी जाएगी।

सेवा समझौता बॉण्डः

चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि के लिए कंपनी में सेवा करने हेतु रू 1,00,000/– (सामान्य और ओबीसी) तथा रू 50,000/–(एससी/एसटी/शारीरिक विकलांग व्यक्ति) का सेवा समझौता बॉण्ड निष्पादित करना अपेक्षित होगा।

स्वास्थ्यः

उम्मीदवार का अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए। कार्यभार ग्रहण करने से पहले उम्मीदवारों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड के चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा और बोर्ड का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा मानक पूरा करने के विषयाधीन होगी। चिकित्सा मानकों में किसी तरह की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

आवेदन कैसे करेंः

01. पात्र उम्मीदवारों को केवल एनटीपीसी की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के जरिए ही आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए अपनी वैध ई–मेल आईडी के साथ **www.ntpccareers.net** पर जाएं। साइट **03.12.2015 को 10.00 बजे से 23.12.2015 को मध्यरात्रि तक** चालू रहेगी।
02. सामान्य/ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार के लिए रू 300/– अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/एक्सएसएम उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।
03. भारतीय स्टेट बैंक को सीएजी शाखा (शाखा कोडः 09996), नई दिल्ली में विशेष तौर पर खोले गए खाता संख्या (**खाता सं. 30987919993**) में, एनटीपीसी की ओर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को "भुगतान पर्ची" के एक प्रिंटआउट के साथ, जो कि एनटीपीसी के आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध है, नज़दीकी एसबीआई शाखा में जाना होगा। आबंटित खाते में राशि सही प्रकार क्रेडिट करने के लिए शुल्क जमा करने हेतु केवल पोर्टल से मुद्रित भुगतान पर्ची का इस्तेमाल करना अनिवार्य है। राशि प्राप्त होने पर बैंक एक विशिष्ट जर्नल नंबर और राशि जमा करने वाले बैंक की शाखा का कोड जारी करेगा। इस जर्नल नंबर और शाखा कोड को उम्मीदवार को ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान भरना होगा। बैंक कमीशन प्रभार उम्मीदवार द्वारा वहन करना होगा। यदि उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा कर देता है, तो एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा। राशि जमा करने का कोई अन्य तरीका नहीं होगा। 23.12.2015 के बाद जमा पंजीकरण शुल्क वैध नहीं होगी।
04. शुल्क का एक बार भुगतान करने पर किसी भी स्थिति में इसे नहीं लौटाया जाएगा। अतः उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता की जांच कर लें।
05. सभी नामांकित सफल उम्मीदवारों को साइट से प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की अनुमति दी जाएगी। **कृपया ध्यान दें कि प्रवेश-पत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा।**
06. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय भुगतान पर्ची की स्कैन की गई प्रतियां (केवल सामा/ओबीसी के लिए लागू) और फोटोग्राफ (सभी के लिए लागू) अपलोड करना अपेक्षित है।

सामान्य सूचना और अनुदेशः

01. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं।
02. आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए वे पात्रता मानदंड और वेबसाइटः **www.ntpccareers.net** पर इस विज्ञापन में वर्णित अन्य शर्तें पूरी करते हैं।
03. सभी योग्यताएं बीटीई/एआईसीटीई/उपयुक्त सांविधिक प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त भारतीय संस्थानों से होनी चाहिए।
04. कोई मैनुअल/पेपर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
05. लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी उम्मीदवार को यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का **भुगतान नहीं किया जाएगा**।
06. पद के लिए आवेदन करते समय आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए वह विनिर्दिष्ट तिथियों को ऊपर वर्णित पात्रता और अन्य मानकों को पूरा करते हैं और प्रेषित विवरण हर तरह से सही है। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/अथवा उसने कोई गलत/झूठी सूचना प्रेषित की है अथवा कोई तथ्यात्मक जानकारी छिपाई है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द हो जाएगी। यदि उपरोक्त किसी भी कमी के बारे में यहां तक कि उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलता है तो उसे बगैर कोई सूचना दिए बर्खास्त किया जा सकता है।
07. यदि उम्मीदवार ने एक से अधिक क्षेत्र के लिए आवेदन किया है अथवा कई बार आवेदन किया है तो उसके केवल आखिरी आवेदन पर आगे स्क्रीनिंग के लिए विचार किया जाएगा।
08. प्रश्नों के लिए उम्मीदवार को साइट पर जाना चाहिए और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज़) खंड को देखना चाहिए।
09. अनुक्रमांक, आबंटित परीक्षा केंद्र का नाम और परीक्षा के लिए दिशानिर्देश युक्त प्रवेश–पत्र ऑनलाइन डाटा के आधार पर स्पष्ट रूप से पात्र पाए गए उम्मीदवारों को इसी साइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। उम्मीदवार को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए वेबसाइट से अपने प्रवेश–पत्र को डाउनलोड करना होगा। **प्रवेश-पत्र डाक से नहीं भेजे जाएंगे।**
10. उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे ई–मेल आईडी को, जिसकी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में प्रविष्टि अनिवार्य है, कम से कम एक वर्ष के लिए सक्रिय रखें। ई–मेल आईडी की प्रविष्टि किए जाने के बाद उसमें किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। भविष्य में सभी पत्राचार केवल ई–मेल के जरिए भेजा जाएगा।
11. सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संस्थाओं में सेवारत उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के समय **अनापत्ति प्रमाणपत्र** (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। कृपया ध्यान रखें कि बगैर एनओसी के ऐसे उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
12. समाचार पत्रों/रोज़गार समाचार में विज्ञापित अंग्रेज़ी के अलावा अन्य रूपांतरों में व्याख्या को लेकर किसी अस्पष्टता/विवाद के मामले में वेबसाइटः **www.ntpccareers.net** पर दिया गया अंग्रेजी रूपांतर मान्य होगा।
13. यदि आवश्यकता हुई, एनटीपीसी के पास भर्ती प्रक्रिया को बिना कोई पूर्व सूचना दिए, बगैर कोई कारण बताए रद्द/सीमित/विस्तारित/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है।
14. दावे के किसी मामले के संबंध में अथवा इस विज्ञापन और/अथवा इसके प्रत्युत्तर में किसी आवेदन को लेकर उत्पन्न विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल रायपुर (छत्तीसगढ़) के जिले में संस्थापित की जा सकती है और केवल रायपुर (छत्तीसगढ़) के जिले में स्थित अदालतों/अधिकरणों/मंचों का पूर्णरूपेण और विशेष तौर पर ऐसे मामले/विवाद की सुनवाई का अधिकार क्षेत्र होगा।

महत्वपूर्ण तिथियांः

क	उम्मीदवारों द्वारा आवेदन–पत्र का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तिथि	03.12.2015
ख	उम्मीदवारों द्वारा आवेदन–पत्र की ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	23.12.2015
ग	अनुक्रमांक, परीक्षा केंद्र के नाम और दिशानिर्देशों के साथ प्रवेश–पत्र को डाउनलोड करने की तिथि	01.03.2016 से 13.03.2016
घ	अखिल भारतीय परीक्षा	**13.03.2016 (रविवार)**

देखें: www.ntpc.co.in, www.ntpccareers.net

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

16(w) x 27(h)